हिन्दी विभाग

अतिथि व्याख्यान **09 सितम्बर 2023**

शासकीय महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरसिया के हिन्दी विभाग में दिनांक 09 सितम्बर 2023 को छात्रों के ज्ञान संवर्द्धन हेतु अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष हिन्दी डॉ0 आर के टण्डन के दूरभाष अनुरोध पर सारस्वत डॉ0 तारणीश गौतम सहायक प्राध्यापक हिन्दी शासकीय नवीन महाविद्यालय पामगढ़ ने महाकवि निराला विरचित ''राम की शक्ति पूजा'' और ''सरोज स्मृति'' विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। व्याख्यान के दौरान इन्होंने निराला की साहित्यिक जीवनी तथा उनकी युवा पुत्री सरोज की असामयिक मृत्यु जैसे व्यक्तिगत दुख के साहित्यिक स्वरूप पर भी छात्रों का ध्यान केन्द्रित किया। माता शबरी शासकीय कन्या महाविद्यालय बिलासपुर से अभ्यागत श्रीमती बेला महन्त सहायक प्राध्यापक हिन्दी ने ''जन संचार'' विषय पर व्याख्यान देते हुए जनसंचार माध्यम के स्वरूप जैसे मुद्रण, श्रव्य, दृश्य श्रव्य, इंटरनेट श्रव्य माध्यम – फिल्म, टेलीविजन, वीडियो आदि पर छात्रों को विस्तार से जानकारी दी।

दोनों ही विद्वान–विदुषी शिक्षकों ने एम ए हिन्दी तृतीय सेमेस्टर के छात्रों को उनके पाठ्यक्रम पर आधारित विषयों को चुना और आगामी परीक्षा को दृष्टि में रखते हुए सारगर्भित व्याख्यान दिया। इसके लिए प्राचार्य डॉ0 राकेश तिवारी, विभागाध्यक्ष डॉ0 रमेश टण्डन, प्रो0 जयराम कुर्रे व प्रो0 दिनेश संजय ने अतिथिद्वय का आभार व्यक्त किया। छाया राठौर, अर्चना राठौर, शकुनतला राठिया, गणेशी राठिया, छाया डनसेना, पिंकी साहू, भूपेन्द्र राठिया, लीलाधर राठिया, पंकज डनसेना, रोशन, राजेश, देविका, हेमलता बैगा, रेणु पटेल, संतोषी राठिया, हेमलता सिदार, द्रौपती राठिया, राजेश्वरी, कविता साहू, रत्ना, यामिनी, जितेन्द्र, गीता चन्द्रा, रूखमणी राठिया सहित तृतीय सेमेस्टर के अनेक छात्र– छात्राओं ने व्याख्यान का लाभ उठाया।

COME
स्नातकोत्तर हिन्दी
HINDI DEPARTMENT